वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 80 रविवार 14 जुलाई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 5 लाख लंबित प्रकरणों का निस्तारण

### मामलों के निस्तारण के लिए बनाई गई थी 512 बैंचे, हाई कोर्ट बार ने किया था बहिष्कार




**जयपुर. कासं।** प्रदेश में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के माध्यम से आज करीब 5लाख 43 हजार 283 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत को लेकर हाई कोर्ट से लेकर अधीनस्थ अदालतों में कुल 512 बैंचों का गठन किया गया था। इन बैंचों में आपसी समझाइश से इन मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में करीब 30 लाख से ज्यादा मामलें सूचीबद्ध किए गए थे। जिसमें लंबित और प्री लिटिगेशन से जुड़े मामले शामिल थे। आज की लोक अदालत में लंबित प्रकरणों के अलावा प्री लिटिगेशन के 22 लाख 15हजार 289 मामलों को भी निस्तारित किया गया। प्री लिटिगेशन में वो मामले आते है। जो अभी तक अदालत में नहीं पहुंचे होते है। लेकिन पक्षकारों के बीच लंबित होते है। ऐसे मामले रेवेन्यू, बैंक, चैक बाउंस से जुड़े होते हैं। प्रदेश में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोक अदालत का आयोजन करवाया गया। आज राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन हाई कोर्ट जयपुर बैंच में जस्टिस पंकज भंडारी ने किया। लेकिन हाई कोर्ट बार ने इस उद्घाटन सत्र का बहिष्कार किया। बार के अध्यक्ष प्रह्लाद शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ समय से हाई कोर्ट बार अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर हाई कोर्ट प्रशासन को लिखित प्रतिवेदन दे रही हैं। लेकिन हाई कोर्ट प्रशासन ने अधिवक्ताओ की मांग पर कोई गौर नहीं किया। इसके अलावा हाई कोर्ट के कई न्यायाधीश अधिवक्ताओं को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपमानित भी कर चुके हैं। इससे अधिवक्ता समुदाय व्यथित हैं। इसलिए हमने आज राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन सत्र का बहिष्कार किया। उद्घाटन सत्र में बार का कोई भी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य शामिल नहीं हुआ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच केंद्र और राज्य सरकार की कृषक कल्याणकारी योजनाओं और कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को राज्य सरकार द्वारा कृषक कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार के राज्य बजट में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण के लिए 96 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है। इस अवसर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी उपस्थित रहे।

## गांधी नगर स्कूल में सांसद और विधायक ने किया पौधारोपण

### सांसद मंजू शर्मा और कालीचरण सराफ ने स्टूडेंट्स व स्टाफ को 5-5 पौधे लगाने का दिलाया संकल्प



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** शहीद लेफ्टिनेंट अभय पारीक राजकीय उच माध्यमिक विद्यालय गांधी नगर में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत शुक्रवार को सांसद मंजू शर्मा और विधायक कालीचरण सराफ द्वार की गई। इस अवसर पर मंजू शर्मा और कालीचरण सराफ ने वृक्षों की महत्ता के बारे में बताया। इसके साथ ही सभी स्टाफ सदस्यों एवं बालिकाओं से 5-5 पौधे लगाने का संकल्प करवाया। विद्यालय की प्रचार्या सुमित्रा डूडी ने कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करनी होगी।

# मुनिद्वय का मंगल प्रवेश व विहार



**रोहित जैन.शाबाश इंडिया**

नसीराबाद । दिगंबर जैन मुनि अनुपम सागर जी महाराज व उनके संघस्थ मुनि यतीन्द्र सागर जी महाराज का नगर में प्रातः मंगल प्रवेश व सायं नगर से मंगल विहार हुआ। मुनिद्वय अजमेर रोड स्थित जलदाय टैंक संख्या 7 से शनिवार प्रातः विहार कर नसीराबाद पहुंचे। जहां बस स्टैंड पर उनका स्थानीय जैन समाज की ओर से स्वागत किया गया। बाद में उन्हें ढोल-ढमाकों के साथ मुख्य बाजार स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर तक लाया गया। अपरान्ह बाद मुनिद्वय ने केकड़ी की और विहार किया। उनका रात्रि विश्राम ग्राम लोहरवाडा में हुआ।

# श्री जन सेवा समिति के चुनाव सम्पन्न



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद । श्री जन सेवा समिति के चुनाव चुनाव अधिकारी मनोज बाकलीवाल की देख-रेख में सम्पन्न हुए। चुनाव में सर्व सम्मति से प्रवीणचंद गदिया को अध्यक्ष, अजय बाकलीवाल को महामंत्री, राजेंद्र राठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गणेश सिंहल को उपाध्यक्ष, दीपक बंसल, पीयूष गदिया, राहुल पोखरणा को मंत्री, मनोज बाकलीवाल व तुषार सिंहल को कोषाध्यक्ष, बंसीलाल कुमावत को व्यवस्थापक, विनोद पाटनी को शिविर संयोजक, पवन सेठी, प्रदीप मित्तल, रवि सोनी, मुकेश शर्मा, अरुण बाकलीवाल, लक्ष्मण सैनी, प्रतीक सिंहल, अरविंद गर्ग व निलेश गर्ग को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

# भक्तों ने भगवान नेमिनाथ के समक्ष अर्पित किया 22 किलो का निर्वाण लाडू



**आगरा. शाबाश इंडिया।** आचार्यश्री सौरभसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से आगरा के गुदड़ी मंसूर खां स्थित सेठ श्री बिहारीलाल धर्मशाला के श्री शीतलनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में 6 जुलाई से सोलह दिवसीय श्री शांतिनाथ महामण्डल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन का किया जा रहा है। जिसमें 13 जुलाई को सर्वप्रथम भक्तों ने स्वर्ण कलशों से प्रभु शीतलनाथ का अभिषेक एवं वृहद शांतिधारा की और नित्य नियम पूजन किया। पूजन के बाद प्रतिष्ठाचार्य पंडित सौरभ जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में मंत्रोच्चारण के साथ श्रीजी के समक्ष माण्डले पर अर्घ्य अर्पित कर श्री शांतिनाथ महामंडल विधान संपन्न कियो विधान के मध्य में ही भक्तों ने जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गयो जिसमें भक्तों ने निर्वाण कांड का वाचनकर 22 किलो का निर्वाण लाडू प्रभु नेमिनाथ के समक्ष अर्पित किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर प्रभु नेमिनाथ के जयकारों से गुंजयमान रहा। सायः7:00 बजे भक्तों ने संगीतमय प्रभु शीतलनाथ की मंगल आरती की। इस अवसर पर,नरेश जैन राकेश जैन पार्षद,मंदिर व्यवस्थापक सुभाष जैन,वीरेंद्र जैन,रविंद्र जैन राकेश जैन,सुदीप जैन,धर्मेंद्र जैन, राजेन्द्र जैन,दिनेश जैन,अशोक जैन, प्रमोद जैन,अजय जैन,मोतीलाल जैन प्रदीप जैन,पवन जैन,मिथलेश जैन, सुशीला जैन सुनीता जैन शशि जैन, विजय जैन,कुसुम जैन लक्ष्मीकांत जैन राजकुमारी जैन पूनम जैन,समस्त गुदड़ी मंसूर खां, बेलनगंज,धूलियागंज के आलावा आस-पास की जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


# कलाकुंज जैन मंदिर में मनाया 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव

## भक्तों ने चढ़ाया प्रभु नेमिनाथ को निर्वाण लाडू



**आगरा. शाबाश इंडिया**

मारूति स्टेट स्थित कलाकुंज के श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर में कलाकुंज मन्दिर समिति के द्वारा इन दिनों सोलह दिवसीय श्री शांतिनाथ महामण्डल विधान का भव्य आयोजन चल रहा है। जिसमें भक्तों ने विधान के सातवें दिन 13 जुलाई को विधानाचार्य पंडित शुभम जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में मंत्रोच्चारण के साथ श्री शांतिनाथ महामण्डल विधान सम्पन्न किया। विधान के मध्य में ही वात्सल्य सेवा समिति के तत्वावधान में जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया गया। विधानाचार्य पंडित शुभम जैन शास्त्री के निर्देशन में निर्वाण कांड का वाचनकर और उपस्थित सभी भक्तजनों ने भक्तिभाव के साथ प्रभु नेमिनाथ के समक्ष एक साथ 22 किलों का लाडू समर्पित किया। और लाडू चढ़ाते समय सभी ने यह भावना भायी, हे भगवान हम भी इस अमर पद को प्राप्त करें जो आपने प्राप्त किया। इस अवसर पर मन्दिर अध्यक्ष रविन्द्र जैन, आदित्या जैन, राजीव जैन,मनोज जैन,अजय जैन,संयम जैन,राजा जैन, अंकित जैन,शुभम जैन, रश्मि जैन, कविता जैन, रतिभा जैन,सुनीता जैन,निशा जैन, रीता जैन,सुनंदा जैन, स्वीटी जैन,मंजरी जैन,पुष्पा जैन मीना जैन,समस्त कलाकुंज जैन समाज के लोग बडी.संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष रश्मि जैन ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। **रिपोर्टः शुभम जैन**



# 4100 वर्ष प्राचीन तीर्थ का अब होगा पुनरोद्धार





## भव्य शिलान्यास के साथ प्रारम्भ हुआ केशरायापाटन जैन तीर्थ का पुनः निर्माण

**कोटा. शाबाश इंडिया**



सदा नीरा चम्बल के निकट बसा पौराणिक नगर केशोरायपाटन जंहा सभी संस्कृतियों का संगम देखने को मिलता है। यहाँ की ऐतिहासिक इमारते अपनी अजब कहानी कहती है, तो यहाँ का हजारो वर्ष प्राचीन जिनालय जो वर्षो से पुनरोद्धार की बांट जो रहा था अब उसी जिनालय का पुनरोद्धार होने जा रहा है। श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र केशोरायपाटन के नाम से जग प्रसिद्ध जीर्ण शीर्ण मन्दिर को अब एक नया आकार दिया जा रहा है उसी नव निर्माण का शिलान्यास प.पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 श्री स्वतिभूषण माताजी की पावन प्रेरणा एवं सानिध्य में शुक्रवार को आयोजित किया गया। मन्त्री राजेन्द्र वेद ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 6 बजे मूलनायक भगवान के अभिषेक एवं नियमित विधान के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। प्रातः 8:30 बजे डिमापुर परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं प्रतिष्ठाचार्य जय कुमार निशांत के निर्देशन में शिलान्यास विधि प्रारम्भ की गई जिसमें मुख्य शिला स्थापित करने का सौभाग्य पवन पांड्या, कोटा एवं चतुष्कोण शिलाओं की स्थापना क्रमशः प्रथम शिला श्रीमती कनकलता जैन(काला) समस्त परिवार के.पाटन, द्वितीय शिला चंद्र प्रकाश सबदरा (मायजा वाले) के.पाटन, तृतीय शिला गुलाबचन्द जैन धनोप्या (चूना वाले) कोटा एवं चतुर्थ शिला श्रीमति पुष्पा देवी टोंग्या, कोटा द्वारा की गई। जैसे ही शिलान्यास विधि पूर्ण हुई वैसे ही वर्षा प्रारंभ हुई मानो स्वयं इन्द्र भी जल के माध्यम से इस भूमि को शुद्ध करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हो। मुख्य अतिथि के रूप में राजेश कृष्ण बिरला चेयरमैन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान, अतिविशिष्ट अतिथि बूंदी पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा कोटा नगर अध्यक्ष राकेश कुमार जैन उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में क्षेत्र अध्यक्ष गुलाबचन्द जैन (चूना वाला) ने बताया कि पूर्व में प्राप्त पुरातात्विक जानकारी के आधार पर इस जिनालय को 4100 वर्ष प्राचीन बताया जाता रहा है। पिछले कुछ वर्षों से इसके जीर्णोद्धार के लिए सतत प्रयास किया जाता रहा। इस वर्ष पुण्य योग से पूज्य गणिनी आर्यिका 105 श्री स्वस्तिभूषण माताजी की पावन प्रेरणा से जिनालय के पुनरोद्धार का कार्य प्रारम्भ हो गया है। इसे दैवीय शक्ति का प्रताप ही कहेंगे कि हजारों वर्षो से जीर्णोद्धार की बांट जो रहे इस जिनालय की निर्माण योजना कुछ ही पलों में तैयार हुई और आज हम इसका शिलान्यास करने जा रहे है। बिरला जी ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि पूज्य माताजी के निर्देशन में हमने स्वयं जहाजपुर जैसे अद्भुत नवनिर्माण को देखा है इसलिए माताजी की दूरदृष्टि इस क्षेत्र को अवश्य विश्व मानचित्र पर एक अलग पहचान दिलाएगी। इस अवसर पर पूज्य गुरुमां ने उद्बोधन देते हुए कहा कि यह तीर्थ कोई सौ दो सौ साल पुराना नहीं बल्कि 4000 साल से भी अधिक प्राचीन है जिसका उल्लेख लगभग 2000 वर्ष पूर्व स्वयं कुन्दकुन्द आचार्य ने अपने निर्वाण कांड में लिखा है तब इसे आश्रम पट्टन के नाम से जाना जाता था। लगभग 1500 वर्ष पूर्व केशव मंदिर की स्थापना के साथ इस नगर का नाम केशोरायपाटन हुआ। वर्षो से सुरक्षा की दृष्टि से गर्भगृह में विराजमान इस अतिशयकारी जिनबिम्ब को अब एक विशाल मन्दिर में स्थापित किया जाएगा। भविष्य में यहाँ वर्तमान चौबीसी, मानस्तम्भ, 6 वेदिकाये, कार्यालय, प्रक्षाल ग्रह, सामग्री कक्ष आदि विभिन्न निर्माण योजनाओं को पूर्ण किया जायेगा। इस अवसर पर जहाजपुर समाज, कोटा जैन समाज एवं पाटन जैन समाज हेतु 2024 के वषायोग का निवेदन पूज्य गुरुमा से किया गया और पूज्य गुरुमां 2024 के वषायोग की घोषणा करते हुए कहा कि यह वषायोग जहाजपुर तीर्थ पर होगा। घोषणा के साथ ही जहाजपुर समाज मे हर्ष की लहर दौड़ गई। शिलान्यास कार्यक्रम में समाज के हर तबके को पूरा अवसर प्रदान किया गया रत्न शिला से लेकर सामान्य शिला तक श्रावको ने बड़े उत्साह से शिला दान में भाग लिया। भारत ही नही वरन जापान, मस्कट आदि अन्य देशों से भी दातारो ने अपनी शिलाएं लिखाई। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्र के महामंत्री राकेश जैन 'चपलमन' द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कोटा जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता, महामंत्री विनोद टोरडी, जे.के. जैन, मनोज जैसवाल, दीपक महावर,एसडीओ के.पाटन, पाटन डिप्टी आशीष जी सहित कोटा, बूंदी, बारां, पिड़ावा, जयपुर, इंदौर, कापरेन, मायजा, खटकड़, भीलवाड़ा आदि के श्रावको ने भाग लिया।

## वेद ज्ञान

### दूसरे के हितों को साधें

अपने लिए हर कोई सोच लेता है, लेकिन इतिहास उन्हें ही याद करता है, जो समाज के लिए सोचते हैं। महात्मा गांधी, विनोबा भावे जैसे आदर्शवादी-प्रेरणादायक महापुरुष आज भी इसीलिए पूज्य और याद किए जाते हैं, क्योंकि इन्होंने निस्वार्थ भाव से समाजहित में अनेक कार्य किए थे। दरअसल, आप इस दुनिया में गुपचुप आए और गुपचाप ही चले गए तो समझिए कि आपने 84 लाख योनियों के बाद मिली मनुष्य योनि को यूं ही बर्बाद कर दिया। यदि आपके जाने के बाद भी यह समाज आपके सद्कर्मों की वजह से आपको याद रखता है तभी आपके जीवन की सार्थकता है। खास बात यह कि समाज आपको याद रखे, इसके लिए महान कार्य करने की रूपरेखा बनाने की कोई जरूरत नहीं है। हर ग्रंथ हमें यही सिखाते हैं कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। बस, अपने जीवनकाल में आपको इसी धर्म का अनुसरण करना है। जब आप मानव धर्म अपना लेते हैं, तो आपके द्वारा किए जाने वाले सारे काम समाज हित में ही होते हैं। भूखे को खाना खिलाना, प्यासे को पानी पिलाना, चिड़ियों को दाना देना, पेड़ लगाना, वृद्धजनों की सेवा करना आदि मानवता है और यही समाज हित भी है। मनुष्य वह है, जो अपने आसपास दुख देखे तो व्यथित हो उठे और खुशी देखे तो प्रफुल्लित हो उठे। यह बात गांठ बांध लीजिए कि अगर आपका पड़ोसी-रिश्तेदार परेशान-दुखी है और आपको इसकी कोई परवाह नहीं है तो दुखी होने का अगला नंबर आपका है। दूसरी ओर जिसके हृदय में दूसरे का हित वास करता है, उसके लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं है। खास बात यह है कि आप अपने सामर्थ्य के अनुरूप समाजहित में जितना भी योगदान दे पाएं वही श्रेष्ठ है। किसी भी व्यक्ति के योगदान को मापने का दुनिया में कोई पैमाना नहीं है। हर व्यक्ति के थोड़े-थोड़े योगदान से महान चीज का निर्माण होता है। यहां मदन मोहन मालवीय का उदाहरण लिया जा सकता है, जिन्होंने मात्र एक रुपये के दान से शुरूआत कर काशी हिंदू विश्वविद्यालय जैसा शिक्षण संस्थान बना दिया।

## संपादकीय

### जमानत और जेल

जब किसी को अदालत से जमानत मिलती है, तो कहा जाता है कि वह जमानत पर बाहर आ गए। मगर शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जो अंतरिम जमानत मिली है, उसे लेकर यह नहीं कहा जा सकता। बेशक सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें दिल्ली शराब-नीति मामले से जुड़े मनी लॉड्रिंग केस में जमानत दे दी है, लेकिन सिर्फ इतने से ही उनकी जेल से रिहाई नहीं हो पाएगी। कुछ सप्ताह पहले भी उन्हें इसी मामले में ट्रायल कोर्ट ने जमानत दे दी थी, हालांकि हाईकोर्ट ने तब इस पर रोक लगा दी। प्रवर्तन निदेशालय, यानी 'ईडी' के सामने यह तभी स्पष्ट हो गया था कि इस मामले में केजरीवाल को बहुत समय तक जेल में रखा जाना शायद संभव न हो। ठीक उसी समय एक दूसरी जांच एजेंसी 'सीबीआई' आगे आई और उसने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली की आबकारी नीति को लेकर एक मामला दर्ज किया और उन्हें औपचारिक रूप से अपनी हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें इस मामले में भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री एक मामले में जमानत हासिल करने में कामयाब भी रहे, तो दूसरा मामला उन्हें जेल से बाहर जाने से रोक देगा। शुक्रवार को यही हुआ और जमानत की खबर उनके लिए कोई राहत नहीं ला पाई। यह जरूर है कि इन मामलों पर जो राजनीति चल रही है, उनमें आम आदमी पार्टी को अपनी आक्रामकता दिखाने का एक और मौका मिल गया। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सिर्फ इतना ही नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल ने जो अर्जी सर्वोच्च अदालत में दाखिल की थी, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने उसे एक बड़ी पीठ के पास भेज दिया। इस याचिका में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी और उसे गैर-कानूनी बताया था। जब इस याचिका पर बड़ी पीठ विचार करेगी, इस दरमियान केजरीवाल जमानत पर रहेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के सवाल पर अदालत ने कहा कि हमें संदेह है कि अदालत एक निर्वाचित नेता को पद छोड़ने का निर्देश दे सकती है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि यह फैसला हम पूरी तरह अरविंद केजरीवाल पर छोड़ते हैं। इसके पहले आम चुनाव के दौरान भी अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिली थी, जो दिल्ली में मतदान खत्म होने के साथ ही खत्म हो गई थी। तब केजरीवाल रिहा होकर बाहर आए थे और उन्होंने पूरे देश में प्रचार भी किया था, इस बार जमानत के बाद भी वह जेल में ही रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट काफी पहले ही यह स्पष्ट कर चुका है कि नियमतः हर किसी को जमानत मिलनी चाहिए, केवल अपवाद मामलों में ही किसी को जेल में रखा जाना चाहिए। कौन सा मामला अपवाद है और कौन सा नहीं, यह हमेशा ही विवादास्पद रहता है। जिन मामलों में कोई राजनीतिज्ञ शामिल हो, वहां ऐसे विवाद काफी बढ़ जाते हैं। यह भी सच है कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े जितने भी मामले हैं, वे काफी समय से चल रहे हैं और गिरफ्तारियों व आरोपों के अलावा चीजें बहुत आगे बढ़ती हुई दिख नहीं रही हैं। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# संविधान हत्या दिवस

केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाए जाने की अधिसूचना जारी कर यही स्पष्ट किया कि वह विपक्षी दलों और विशेष रूप से कांग्रेस की ओर से किए जा रहे इस दुष्प्रचार की काट करने के लिए कोई कोर कसर नहीं उठा रखेगी कि भाजपा संविधान बदलने का इरादा रखती है। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि मोदी सरकार ने 49 साल पहले 25 जून, 1975 को देश में आपातकाल थोपे जाने के इंदिरा गांधी के मनमाने फैसले को संविधान को कुचलने वाले कदम के रूप में स्मरण करने का निर्णय केवल इसलिए नहीं किया कि कांग्रेस ने हाल के लोकसभा चुनावों में देश भर में घूम-घूम कर यह दुष्प्रचार कर लोगों को बरगलाया कि यदि भाजपा का चार सौ पार का नारा सही सिद्ध हो गया तो प्रधानमंत्री मोदी संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। यह निर्णय संभवतः इसलिए भी लिया गया, क्योंकि लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद भी कांग्रेस और उसके साथी दल यह खोखला दावा करने में लगे हुए हैं कि उन्होंने संविधान की रक्षा की। निःसंदेह 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय एक राजनीतिक फैसला है, लेकिन शायद मोदी सरकार के लिए ऐसा कोई फैसला लेना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि अभी हाल में जब आपातकाल की बरसी पर इंदिरा सरकार की ओर से की गईं ज्यादतियों का स्मरण किया जा रहा था तो कांग्रेस ने यही दिखाया कि उसे यह रास नहीं आ रहा है। हद तो तब हो गई, जब आपातकाल के विरोध में लोकसभा में प्रस्ताव पारित किया गया तो राहुल गांधी की ओर से कहा गया कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं थी। आपातकाल के स्मरण पर कांग्रेस के नकारात्मक रवैये को देखते हुए इसकी आवश्यकता स्वतः रेखांकित होने लगी थी कि उस काले दौर को कभी भूला नहीं जाना चाहिए। यह स्वाभाविक है कि कांग्रेस को 25 जून को संविधान हत्या दिवस के तौर पर मनाए जाने का फैसला पसंद नहीं आया, लेकिन उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि उसने तो आपातकाल के अलावा भी संविधान की अनदेखी करने वाले फैसले लिए हैं। क्या यह एक तथ्य नहीं कि शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के 1985 के फैसले को पलटना संविधान का नग्न निरादर ही था? सुप्रीम कोर्ट के हाल के एक फैसले से देश को यह अच्छी तरह स्मरण भी हो आया। कांग्रेस संविधान को भाजपा और विशेष रूप से मोदी सरकार से खतरे का कितना ही हौवा खड़ा करे, सच यह है कि संविधान में सबसे अधिक संशोधन उसने ही किए हैं और वह भी विपक्ष की अनदेखी करके। इसके विपरीत मोदी सरकार ने बीते दस वर्षों में जो भी संविधान संशोधन किए, उनमें से हर किसी का कांग्रेस ने समर्थन किया-वह चाहे जीएसटी संबंधी हो या फिर निर्धन सवर्णों को आरक्षण प्रदान करने का।



# तीर्थंकर ग्रुप का स्नेहमिलन समारोह आयोजित


**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर जयपुर का वर्षा आगमन पर मालवीय नगर दिगम्बर जैन मंदिर शान्तिनाथ,सेक्टर 3 में स्नेहमिलन समारोह पूर्वक मनाया गया। सबसे पहले भगवान शान्तिनाथ के समक्ष सभी सदस्यों ने णमोकार व भक्तामर का पाठ किया। भगवान का चित्र अनावरण कैलाश-बीना ने व दीप प्रज्जवलन ग्रुप के कोषाध्यक्ष पारसमल लुहाडिया-मंजु लुहाडिया ने किया ।बाद में ग्रुप की तरफ से इनका सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मंगलाचरण श्रीमती कान्ता गंगवाल, आभा गंगवाल, कान्ता मालपुरा,डां शान्ति जैन 'मणि',मैना पाटनी,मंजूलुहाडिया,विमला बज, शशि जैन, विजयलक्ष्मी (बेला), नवरतन ठोलिया,बीना जैन कैलाशी देवी व मंजुशाह ने किया। सदस्यों के मनोरंजन के लिए पी सी गंगवाल, डां.शान्ति जैन व कान्ता मालपुरा ने हाऊजी खिलाई तथा जीतने वालों को ग्रुप की ओर से उपहार दिये गये,इसके बाद सदस्यों के ज्ञानवर्धन के लिए धार्मिक हाऊजी खिलाई गई,जिसमें पारितोषिक श्रीमती विजयलक्ष्मी (बेला)जी ने दिये व प्रश्नमंच भी किया,इसी क्रम में धार्मिक अन्य कार्यक्रम में ग्रुप की ओर से पुरस्कार दिये गये ।मई,जून ,जुलाई में जन्में व विवाह हुये सभी सदस्यों को माला -दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया जिसमें अध्यक्ष डां.एम.एल जैन 'मणि'-शान्ति जैन 'मणि' व कोषाध्यक्ष पारस-मंजू की भी शादी की सालगिरह मनाई गई। अन्त में ग्रुप की मीटिंग भक्तामर के 26वें श्लोक से शुरू हुई। अध्यक्ष डा श्मणि श्ने ग्रुप के बारे में कुछ बातें कही व अगस्त की 4 तारीख को आंवा व स्वस्तिधाम की यात्रा के बारे में बताया व सदस्यों ने उस दिन चलने की सहर्ष स्वीकृती दी तथा बुक करवा दी। अन्त में शान्तिपाठ के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। सचिव सुरेश गंगवाल ने सभी को सुरुचिपूर्ण भोजन के लिए आह्वान किया ।अन्त में कोषाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।











# भगवान नेमीनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ का मोक्ष कल्याण महोत्सव श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रताप नगर जयपुर में उपाध्याय 108 ऊर्जयंत सागर जी मुनिराज के पावन सानिध्य में मनाया गया, समिति अध्यक्ष कमलेश बावड़ी ने बताया इस अवसर पर भगवान को निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया और पूज्य उपाध्याय ऊर्जयंत सागर जी के मंगल प्रवचन हुए।इस अवसर पर मोक्ष कल्याणक लड्डू चढ़ाने का सौभाग्य पदम कुमार सोभाग्यमल छाबड़ा अजमेरी वाले को प्राप्त हुआ।

**बाबू लाल जैन ईटून्दा**




# जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज 2024 का चातुर्मास निवाई में होगा

## 21 जुलाई को मंगल प्रवेश की तैयारियां जोरों पर



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के द्वारा आचार्य अभिनन्दन सागर महाराज के शिष्य जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज संध का 21 जूलाई को निवाई में मंगल प्रवेश होगा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि अभिनन्दन के लधु नन्दन श्रमण मुनि अनुसरण सागर महाराज संध चित्तौड़गढ़ से लगातार विहार करते हुए 21 जूलाई को निवाई की धरा पर 2024 का मंगल चातुर्मास के लिए मंगलमय आगमन करेंगे। जौंला ने बताया कि तप त्याग साधना की पावन वसुंधरा अष्ट जिनालयों से सुशोभित निवाई नगरी में गुरुदेव अनुसरण सागर महाराज संध की मंगल अगुवानी के साथ 21 जूलाई रविवार को मंगल प्रवेश में जन सैलाब उमड़ेगा। मंगल प्रवेश महोत्सव के दिन कार्यक्रम चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश जुलूस, ध्वजारोहण, चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह, गुरु पूर्णिमा महोत्सव सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि मुनि अनुसरण सागर महाराज देवली से मंगल विहार करते हुए छान भरनी मेहंदवास टोंक सोहेला होते निवाई आएंगे। जिनकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

# नेमीनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक धुलियान में मनाया गया



**धुलियान मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल।** आषाढ शुक्ल सप्तमी दिने अभिषेक व शांतिधारा के पश्चात धुलियान के श्री मंदिर जी में पुजा-अर्चना उपरांत हर्षोल्लास के साथ नेमीनाथ भगवान मोक्षकल्याणक निर्वाण लड्डु चढ़ाया गया, मानो गिरनार पर्वत के पांचवे टोंक के ऊर्जयन्त कुट मेही निर्वाण लड्डु चढ़ा रहे हो तथा रोजाना भी धुलियान मंदिरजी में नेमीनाथ भगवान का अर्घ ईस तरह चंढ़ाया जाता है। ॐ ह्रीं श्री नेमीनाथ जिनेन्द्राय गिरनार पर्वत के पांचवे टोंक के ऊर्जयन्त कुट से मोक्ष गये जिनकी प्रतिमा वेदी में साक्षात विराजमान है तिनके चरणारविन्द में अनर्घ्य-पदप्राप्तये अर्घ्यँ निर्वपामीति स्वाहा.....। -ताकि भविष्य के युवा पीढ़ी को नेमीनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक स्थान स्मरण रहे। **संजय बड़जात्या**

# फागी में जैन धर्म के बाईसवें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ का मनाया मोक्ष कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक



## जैन धर्म का शाश्वत पर्व अष्टानिका महापर्व रविवार से कस्बे सहित परिक्षेत्र के दिगम्बर जैन मंदिरों में होंगे अनेक धार्मिक कार्यक्रम

**फागी. शाबाश इंडिया**


कस्बे के पार्श्वनाथ चैत्यालय में आचार्य 108 श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ की सुयोग्य शिष्या आर्यिका 105 श्री आराध्य मति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में आज जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास मनाया गया कार्यक्रम जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए अवगत कराया कि कार्यक्रम में आज प्रातः आर्यिका संघ के पावन सानिध्य में श्रीजी का अभिषेक,शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना, करने के बाद कपूरचंद, महावीर प्रसाद, सुरेश कुमार, राजकुमार,राहुल कुमार जैन मांदी वाले परिवार जनों की तरफ से सकल जैन समाज की अगुवाई में जयकारों के साथ सामूहिक रूप से नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव का निर्वाण लाडू चढ़ाकर विश्व में सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। इसी कड़ी मे आर्यिका सुप्रज्ञमति माताजी ने भरी धर्म सभा में श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए रत्नाकर श्रावकाचार में तीसरे दोहे का अर्थ बताया और सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र, सम्यक दर्शन के बारे में प्रकाश डालते हुए दिगम्बर का अर्थ समझाया और कहा कि जिसकी दिशा अम्बर की ओर हो उसे दिगम्बर कहते हैं,जो वीतरागी होकर अनन्तान्त सिद्ध हुए हैं।




# जनकपूरी में पांच दिवसीय महोत्सव प्रारंभ

## मुनि संघ का गाजे-बाजे व जयकारों के मध्य भव्य मंगल प्रवेश। जिनशासन में दया व दान का बड़ा महत्व है : मुनि समत्व सागर जी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




बाईसवे तीर्थंकर नेमिनाथ की पावन धरा जनकपुरी - ज्योतिनगर जैन मंदिर में बाईस थालों में बाईस कलश से पाद प्रक्षालन के साथ मुनि संघ का गाजे बाजे व जयकारों के मध्य भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि करतारपुरा फाटक पर महिलाओं ने मंगल कलश ले रखे थे तथा यहाँ से मन्दिर जी के मध्य रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह मुनि श्री 108 समत्व सागर जी व मुनि श्री 108 शील सागर जी का पादप्रक्षालन व आरती के साथ स्वागत किया। मन्दिर जी के बाहर युवा मंच के सदस्यों द्वारा भक्ति के साथ आरती की गई। मन्दिर के बाहर सजे हुए बाईस थालों के मध्य एक और पुरष व दूसरी और महिलाओं ने कलशों से पाद प्रक्षालन किया तथा मन्दिर के गेट पर जनकपूरी प्रबंध समिति के साथ कीर्तिनगर के महामंत्री जगदीश जैन व गायत्रीनगर के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा ने आरती कर परमेष्ठी का स्वागत किया। मन्दिर जी में अभिषेक के बाद मुनि श्री ने ऋद्धि मंत्रों युक्त शांति धारा करायी। इसके बाद जुलूस ने जिनालय में धर्म सभा का रूप ले लिया। धर्म सभा राजस्थान युवा महा सभा के पदाधिकारियों अध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, सुभाष बज, भारतभूषण जैन, अमित शाह, शकुन्तला बिंदायक्या आदि द्वारा चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन तथा कनफूल देवी कासलीवाल परिवार द्वारा पादप्रक्षालन व शास्त्र भेंट के साथ शुरू हुई। सभा में मनोज झंझरी जगदीश जैन भँवर लाल महेंद्र जैन अभय जैन के अलावा बापूनगर, कीर्ति नगर, गायत्री नगर, महेश नगर आदि स्थानों के श्रावकों की उपस्थिति रही। धर्म सभा में मुनि श्री शील सागर जी के मधुर मंगल गान के बाद मुनि श्री समत्व सागर जी ने प्रवचन में बारह भावना में संसार भावना समझाते हुए कहा कि इस तीन जगत में चिरकाल से मिथ्यात्व और मायाचार से यह जीव भ्रमण कर रहा है। इस जगत में केवल दुःख ही दुःख है, शाश्वत शांति नहीं है। जिनशासन में दया व दान का बड़ा महत्व बताया है, दान में करुणा, दया व मुदिता की भावना प्रबल होती है और इसी भावना के कारण जीव दूसरे जीवों की भलाई की सोचता है। इस प्रकार संसार भावना के बार-बार चिंतवन करने से संसार से भय उत्पन्न होता है तब मोक्ष प्राप्ति के उपाय में मनुष्य की प्रवृत्ति होती है। सभा में पदम जैन बिलाला द्वारा आचार्य विशुद्ध सागर जी की रचना 'जरा संभल' पढ़ी गई तथा महिला मंडल की अध्यक्ष शकुंतला बिंदायक्या, अनीता बिंदायक्या, सुलोचना पाटनी व सुनीता भोंच द्वारा भक्ति साथ गुरु वंदन किया गया एवम् कुशल मंच संचालन शिखर चंद जैन ने किया। दूसरे दिन नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण मनाया जायेगा।

# पारितोषिक वितरण के साथ हुआ नैतिक शिक्षण शिविर संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महावीर पब्लिक स्कूल में 6 जुलाई 2024 से चल रहे नैतिक शिक्षण शिविर का समापन समारोह शनिवार दिनांक 13 जुलाई 2024 को महावीर पब्लिक स्कूल के साहू सभा भवन में प्रातः 9:00 बजे से आरंभ हुआ। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक संस्कार प्रदान करने के उद्देश्य से यह शिविर प्रत्येक वर्ष श्रीमती कौशल्या देवी जैन मेमोरियल मॉरल एजुकेशन फंड के सौजन्य से श्री महावीर दिगंबर जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल एवं महावीर पब्लिक स्कूल के कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों हेतु आयोजित किया जाता है। बच्चों को नैतिक शिक्षा श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर की प्रशिक्षित अध्यापिकाओं द्वारा प्रदान की जाती है। समारोह के मुख्य अतिथि पी.सी. जैन (संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग एवं समाजसेवी) का छात्राओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया। समारोह का प्रारंभ णमोकार मंत्र एवं ईश-प्रार्थना से हुआ। संस्था के मानद् मंत्री सुनील बख्शी, संयुक्त मंत्री कमल बाबू जैन, कोषाध्यक्ष महेश काला ने माल्यार्पण द्वारा तथा प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन (एमपीएस) एवं प्राचार्या श्रीमती रेणु गोस्वामी (एसएमडीजे) ने पुष्पगुच्छ भेंट करके मुख्य अतिथि पी.सी. जैन का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष महेश काला ने मुख्य अतिथि एवं सभासीन सभी सम्माननीय जनों के स्वागत में अपने उद्गार व्यक्त किए। शिविर प्रभारी डॉ. शीला जैन ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शिविर के अंत में हुई परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषिक प्रदान किए गए। श्रमण संस्कृति संस्थान की अध्यापिकाओं को भी प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने बच्चों को बहुत से संस्कार और आशीर्वचन प्रदान किए।

# लायंस क्लब कोटा सेंट्रल का रक्तदान शिविर

## रक्तदान किया और अन्य लोगों को भी किया प्रेरित




**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा। शीला चौधरी रोड स्थित अग्रवाल ब्लड बैंक में लायंस क्लब कोटा सेंट्रल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मधु ललित बाहेती एवम सेक्रेटरी राधा खुवाल ने बताया की समाजसेवी श्याम नागर के जन्मदिवस पर क्लब द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया शिविर में जरूरतमंद मरीजों के लिये रक्त एकत्रित किया और लोगों को रक्तदान के लिये प्रेरित किया गया। शिविर संचालिका लायन चंदा बरवाडिया ने बताया कि 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर के दौरान संभागीय अध्यक्ष लायन दिनेश खुवाल, लायन ललित बाहेती, लायन राजकुमार गुप्ता, लायन ममता विजय, लायन सुनीता शर्मा इत्यादि क्लब के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ईईएसपीएल व आईसीएफएआई पर्यावरण संबंधी पाठ्यक्रम शुरू करेंगे



## एनके एनवायरो सर्विसेज व इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड फाइनेंशियल एनालिस्ट के बीच हुआ एमओयू

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

एनके एनवायरो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (ईईएसपीएल) और इंस्टीट्यूट आफ चार्टेड फाइनेंशियल एनालिस्ट ऑफ इंडिया (आईसीएफएआई) पर्यावरण प्रबंधन से जुड़े पाठ्यक्रम कोर्सेज शुरू करेंगे। इस संबंध में दोनों संस्थानों के प्रमुखों की शुक्रवार को यहां जयपुर में होटल हिल्टन में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। मिटिंग में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। साथ ही पर्यावरण प्रबंधन के लिए इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन के लिए साझेदारी पर सहमति हुई। दोनों प्रमुखों की बैठक में आपसी सहयोग से पर्यावरण से संबंधित कार्य करने को लेकर विचार- विमर्श हुआ तथा एमओयू पर दोनों संस्थानों के प्रमुखों ने हस्ताक्षर कर साथ-साथ कार्य करने पर सहमति दी। वहीं दोनों प्रमुखों ने संबंधित कागजात पर हस्ताक्षर कर फाइल्स का आदान-प्रदान किया। एनके की तरफ से चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता मंत्री एवं आईसीएफएआई की ओर से वाइस चांसलर डॉ. जगन्नाथ पटनायक मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि डॉ. पटनायक देश के जाने-माने शिक्षाविद एवं प्रशासक हैं। भारतीय विश्वविद्यालय परिसंघ, नई दिल्ली के मुख्य शिक्षा समन्वयक है। डॉ. जगन्नाथ पटनायक सेंट रेने डेसकार्टेस यूनिवर्सिटी के पहले वाइस चांसलर है। ये अपनी सेवाएं कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलर के रूप में दे चुके है।

### आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था में आएगा बदलावः डॉ. पटनायक

इस दौरान डॉ. पटनायक ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि इक्फाई यूनिवर्सिटी शिक्षा के क्षेत्र में देश के कई राज्यों में कार्यरत है और आज देश की जानी-मानी एनवायरनमेंट कंसल्टेंसी कंपनी एनके एनवायरो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ पर्यावरण एवं शिक्षा के क्षेत्र में समग्र विकास के लिए समझौता हुआ है। वे बोले-यह कदम आने वाले समय में सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा। इससे राज्य की शिक्षा एवं पर्यावरण से संबंधित क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### पर्यावरण शिक्षा से जुड़े डिग्री कोर्सेज से खुलेगी नई राहः सुनीता मंत्री

वहीं, पत्रकारों से बातचीत में एनके एनवायरो सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता मंत्री ने कहा कि यह समझौता देश में पर्यावरण शिक्षा से जुड़े हुए डिग्री कोर्सेज लाकर देश के लिए एक नई राह खोलेगा। इससे पहले पर्यावरण के विषय को लेकर कोई भी यूनिवर्सिटी का निर्माण नहीं हुआ है, जिसमें पर्यावरण से संबंधित डिग्री कोर्सेज नहीं है। यह एमओयू न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रान्ति लेकर आएगा वरन नई टेक्नोलॉजी के आविष्कार एवं आज के पर्यावरण की स्थिति में सुधार लाने का काम करेगा। इस मौके पर आयोजित बैठक में प्रशांत मंत्री, अनिल अरोड़ा, किरीट आचार्य, नेहा मंत्री, निरंजन गुप्ता, अल्का शर्मा, दिनेश बोहरा, शुवेश अवस्थी, विनम्र भूषण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जबसे देखा तुम्हे जाने क्या हो गया, ओ खाटूवाले श्याम में तेरा हो गया...

## श्री श्याम परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में बाबा श्याम की विशाल भजन संध्या का हुआ आयोजन



**मनोज गंगवाल. शाबाश इंडिया**

नावा सिटी। उपखंड मुख्यालय पर गुरुवार को श्रीश्याम परिवार सेवा समिति नावा सिटी के तत्वावधान में और श्याम भक्त संपतलाल, राजेंद्र, राधेश्याम स्वामी के सौजन्य से बाबा श्याम की विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा श्याम का देश प्रदेश से मंगवाए नयनाभिराम पुष्पों द्वारा श्रृंगार श्रीश्याम परिवार के सदस्य कैलाश गौड मय सदस्यो द्वारा किया गया। आलौकिक श्रृंगार और बाबा की पावन ज्योत के साथ भजन संध्या का विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ हुआ। मूसलाधार बारिश के बीच बाबा का सजा दरबार ओर भजन संध्या में गायक कलाकारों द्वारा दी जा रही एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां भक्तो का मन मोह रही थी ऐसा लग रहा था मानो भगवान इंद्रदेव भी दरबार का आनंद ले रहे थे। इस दौरान भजन प्रवाहको द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। भजन संध्या की शुरूआत भजन प्रवाहक गौतम खंडेलवाल ने गणेश वंदना के साथ की इसके पश्चात खंडेलवाल ने जबसे देखा तुम्हे जाने क्या हो गया ओ खाटूवाले श्याम में तेरा हो गया भजन की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात नरेंद्र अजमेरा ,मुरली पाराशर, प्रदीप गौतम द्वारा बाबा श्याम के मनमोहक भजन गाए गए। इसी के साथ ललित चावड़ा, तुषार गौड, हितेश सोनी, विजय सबनानी द्वारा बाबा श्याम के सजे अत्यंत मनमोहक दरबार के लिए श्रृंगार के भजन गाए गए।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ का धूमधाम से हुआ अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में भव्य मंगल प्रवेश

## वर्धमान स्तोत्र का संगीतमय पाठ का हुआ आयोजन



**श्री महावीर जी।** संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ का नवाचार्य समय सागर जी महाराज की आज्ञानुसार राजस्थान की राजधानी गुलाबी नगरी जयपुर में वर्ष 2024 का मंगलमय चातुर्मास होने की कडी में मुनि संघ का शनिवार 13 जुलाई को दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर जयपुर सहित पूरे देश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री महावीर जी पहुचे एवं मुनि संघ की भव्य अगवानी की। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मुनि संघ करौली की ओर से मंगल विहार करते हुए प्रातः 7.00 बजे शांतिवीर नगर के दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ जहां जयपुर वासियों ने श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मीरा मार्ग के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी के नेतृत्व में एवं शांतिवीर नगर कमेटी के योगेश टोडरका, हरीश धाडूका प्रदीप ठोलिया आदि ने पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर मुनि संघ की भव्य अगवानी की। मंदिर दर्शन के बाद मुनि संघ की आहार चर्या हुई। दोपहर में मुनि संघ बैण्ड बाजों के साथ विशाल जुलूस के रूप में शांतिवीर नगर से मुख्य मंदिर की ओर रवाना हुए। जुलूस में श्रद्धालु गण नाचते गाते जयकारे लगाते हुए। मुनि संघ के मुख्य मंदिर पहुचने पर अतिशय क्षेत्र कमेटी के उपाध्यक्ष एस के जैन, संयुक्त मंत्री उमराव मल संघी के नेतृत्व में पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर भव्य अगवानी की गई। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, जयपुर जिला महामंत्री सुभाष बज, श्री महावीर जी क्षेत्र के प्रशासनिक समन्वयक भारत भूषण जैन, योगेश टोडरका, मैनेजर नेमी चन्द पाटनी, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष चंद्रेश कुमार जैन सहित सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए। मुनि श्री ने ससँघ भगवान महावीर स्वामी की मूलनायक प्रतिमा जी के दर्शन लाभ प्राप्त करने के बाद मुनि श्री के सानिध्य में धर्म सभा हुई इस मौके पर सकल दिगंबर जैन समाज जयपुर की ओर से श्री फल भेट कर जयपुर चातुर्मास के लिए निवेदन किया गया। अपने प्रवचन में मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज ने जैन धर्म की महिमा बताते हुए भगवान महावीर के अतिशयों पर प्रकाश डाला। मुनि श्री ने कहा कि आज भगवान महावीर के दर्शन कर मै गद गद हो गया तथा मुझे महसूस हुआ कि मै महावीर मय हो गया। मेरा मन कर रहा है कि मै यही प्रभू के सामने बैठकर मूंगावर्णी मूरत को निहारता रहू। भगवान महावीर के चरणों मे बैठकर शीतलता का अनुभव हो रहा है ऐसा महसूस हो रहा है कि आज मुझे भगवान महावीर के रूप में अमूल्य निधि प्राप्त हो गई। तत्पश्चात मुनि श्री के सानिध्य में वर्धमान स्तोत्र का सामूहिक संगीतमय पाठ किया गया। मंच संचालन पं. मुकेश जैन ने किया। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य नीलम जैन पीतमपुरा दिल्ली को प्राप्त हुआ। मनीष जैन, शिखा जैन, सचिन जैन ने श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भारत भूषण जैन, मनीष वैद, मुकेश सौगानी, मीरा मार्ग जैन समाज जयपुर, राजेन्द्र सेठी आदि ने चतुर्मास हेतु श्री फल भेंट किया। क्षेत्र के प्रशासनिक समन्वयक भारत भूषण जैन ने राजस्थान सरकार की ओर से महावीर जी में कराये जा रहे विकास कार्यो की जानकारी देते हुए पैनोरमा निर्माण की जगह का मुनि श्री को अवलोकन करवाया। राजेन्द्र सेठी ने बताया कि रविवार को प्रातः मुनि संघ का जयपुर की ओर मंगल विहार होगा ।मुनि संघ की चातुर्मास कलश स्थापना गुरुवार 25 जुलाई को दोपहर 1.00 बजे जयपुर मानसरोवर के मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में होने की संभावना है।

## नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया



जयपुर. शाबाश इंडिया

जयपुर के नेमीसागर कालोनी स्थित श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार को भगवान नेमीनाथ के मोक्ष कल्याणक महोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि गिरनारजी पर्वत में उर्जयन्त टौंक से प्रदोष काल, चित्रा नक्षत्र मे पाँच सौ छत्तिस मुनिराज के साथ मोक्ष पद को प्राप्त किया था। तीर्थंकर श्री नेमिनाथ भगवान के साथ आठ हजार आठ सौ मनीराजो ने मोक्ष प्राप्त किया। इसी कूट से शम्बु, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध इत्यादि बहत्तर करोड़ सात सौ मुनि सिद्ध हुए है। मूक जीवो के बंधन को देखकर भगवान नेमीनाथ ने वैराग्य को स्वीकार कर विश्व कल्याण की भावना भाते हुए मोक्ष मार्ग स्वीकार किया। इस दौरान श्रावक-श्राविकाओं की ओर से नेमिनाथ भगवान को निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के मंत्री प्रदीप निगोतिया ने बताया कि सुबह श्रीजी का सामूहिक अभिषेक शांति धारा पूजन संपन्न की गई। उसके बाद बड़े ही भक्ति भाव से निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। साथ ही नेमीनाथ विधान पूजन भी की गई। इस आयोजन में समाज के सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## श्रीमहावीरजी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में समझाइश से निपटाए 50 प्रकरण



चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया

श्रीमहावीरजी। शनिवार को प्रातः 10 बजे से सिविल न्यायालय श्री महावीरजी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया ।राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री महावीरजी श्रीमती पूजा बेनीवाल की अध्यक्षता मे बेंच का गठन किया गया ।न्यायिक कर्मचारी लोकेश कुमार गुप्ता, सौरभ सिंघल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी धारा 125, जाब्ता फौजदारी, 138 पराक्रम अधिनियम आदि प्रकरणों का आपसी समझाइश वह राजीनामा के आधार पर पोस्ट लिटिगेशन के कुल 50 प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं 30 लाख 16 हजार 695 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। इस अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति के सदस्य अधिवक्ता भगतराम, विजय गुर्जर, जगमोहन सिंह गुर्जर, जय कृष्ण शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, विनोद कुमार बर्मा, देवेंद्र सेन अधिवक्ता गण एवं तालुका सचिव जितेंद्र वर्मा टहल राम सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि गण एवं पक्षकार उपस्थित थे।

# जेसीआई मुरैना ने वृक्षारोपड़ कर लोगों को किया जागृत



## पेड़ प्रकृति के अनमोल उपहार, इन्हें अवश्य लगाएं

**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

मुरैना। नगर की समाजसेवी संस्था जेसीआई मुरैना जागृति ने पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपड़ किया। जेसीआई जागृति समय समय पर समाज हित में कार्य करती है। ए बी रोड हाइवे मुरैना में स्थित जैन ज्ञान तीर्थ पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सभी जेसीआई सदस्यों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के फलों, फूलों के और औषधीय पौधे रोपित किए। जेसीआई मुरैना जागृति की वर्तमान अध्यक्ष जेसी ललिता गोयल ने बताया , कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण को स्वस्थ बनाना है और हरियाली को बड़ाना है, जिससे हमें स्वच्छ वायु मिल सके। ललिता गोयल जी ने बताया कि वृक्षारोपण का उद्देश्य खतरे में पड़े पर्यावरण को बचाना है और हमारी प्रकृति और जीवन को सुंदर बनाना है। जेसीआई की फाउंडर प्रेसिडेंट जेसी भावना जैन ने सभी सदस्यों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा , कि पेड़ प्रकृति के अनमोल उपहार हैं और हमें कई प्रकार से लाभान्वित करते हैं । लेकिन हम अपने स्वार्थ के कारण इस पर्यावरण के लिए खतरा बने हुए हैं । इसलिए वृक्षारोपण करके हम इस प्रकृति के कर्ज को उतार सकते हैं और अपने भविष्य को सुंदर और स्वस्थ बना सकते हैं ' अंत में सभी में मिलकर जैन तीर्थ पर प्रसादी ग्रहण की। वृक्षारोपण के इस सफल आयोजन में अध्यक्ष जेसी ललिता गोयल, कोषाध्यक्ष जेसी अंजना गर्ग , आइपीपी जेसी ज्योति मोदी, पास्ट प्रेसिडेंट जेसी भावना जैन , जेसी भारती मोदी, जेसी अंजना शिवहरे, जेसी नीता बांदिल, तथा अन्य सदस्य जेसी बीनू अग्रवाल, जेसी सपना बंसल , जेसी राधा राजोरिया, जेसी सरिता गर्ग अनीता शिवहरे उपस्थित रहीं।

# क्रिएचर फाउंडेशन द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** क्रिएचर फाउंडेशन द्वारा वृन्दावन विहार जामडोली में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । यह जानकारी देते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन और सचिव कुलविंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि शिविर में दन्त चिकित्सक डॉ अभिषेक शर्मा और होमियोपैथी चिकित्सक डॉ रुचिता शर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान की । शिविर में निशुल्क दवाएं भी आवश्यकता के अनुसार वितरित की गयी । लगभग 150 लोगों द्वारा शिविर में अपनी जाँच कराई गयी ।

# सारी दुनिया और नीतिकिर प्रत्यक्ष को ही सम्पत्ति मानते हैं: मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज

## जैन समाज ने लिया मुनि संघ का आशीर्वाद, थूवोनजी कमेटी अशोक नगर समाज जनों ने किया पाद प्रक्षालन



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया।** सारे दुनिया और नीतिकार लोग वे प्रत्यक्ष को ही सम्पत्ति मानते है, परोक्ष को नही, वर्तमान भव को ही देखते है, अतीत अनागत को नहीं। असद्भूत व्यवहार नय से जिनको हम अपना कहते है वे वस्तुये न कोई लेकर आया है, न कोई लेकर जाएगा, लेकिन पुण्य पाप की परिणति अतीत अनागत से सम्बन्ध रखती है कर्म शरीर और आत्मा दोनों मिलकर करते है, संसार में जितनी पर्याय हैं यह संयोगज हैं, संयोगज का अर्थ है दो मिलकर बनाते हैं, जैसे बेटा माँ और पिता दोनो का है। स्यादवाद को अच्छी तरह समझने के लिए स्यादवाद मंजरी ग्रन्थ पढ़ना चाहिए। स्याद्वाद का मूल सूत्र है सापेक्षवाद, इस अपेक्षा से यह ठीक है, पर्याय की अपेक्षा से सब अनित्य है, द्रव्य की अपेक्षा से सब नित्य है। स्यादवाद कोई धर्म नहीं है, एक कथन की शैली है जिन कलश से भगवान का अभिषेक करते हैं उस कलश से हाथ नहीं धोना चाहिए क्योंकि उन कलशों से भगवान के अभिषेक का संकल्प हो गया है, वे कलश क्षीरसागर के बन चुके है उक्त आश्य केउद्गार मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने मंगल गिरि सागर में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

**जैन समाज ने श्री फल भेंट कर किया निवेदन:** इसके पहले अशोक नगर जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी कोषाध्यक्ष सौरव वाझल मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ को श्री फल भेंट कर चातुर्मास का निवेदन किया और परम पूज्य के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त इस दौरान जैन समाज के पदाधिकारियों ने चातुर्मास की भावना से मुनि संघ को अवगत कराया और नगर में हो रही तैयारी से भी अवगत कराया इस दौरान मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने कहा कि अशोक नगर जैन समाज एवं दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी ने बहुत मेहनत की है मेहनत कभी निरर्थक नहीं जाती आज किया हुआ पुरुषार्थ कल भाग्य बनकर आपके सामने आता है। थूवोनजी अशोक नगर हमेशा से ही संत सेवा में आगे है ये बात सारा हिंदुस्तान जानता है। इस दौरान अशोक नगर जैन समाज राकेश कासंल थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने सभी की भावना रखी इस दौरान कमेटी के थूवोनजी कमेटी के संरक्षण शैलेन्द्र दद मनोज भैसरवास जीवन मामा रोहित सिंघई राजीव चन्देरी गौरव जैन सिन्नी संजीव जैन सहित अन्य भक्तों ने भी श्री फल भेंट किए ।

**इंसान ईगो के कारण से हटी और जिद्दी बन जाता है:** उन्होंने कहा कि इंसान ईगो के कारण से हटीं और जिद्दी बना जाता है इकोनॉमिक्स का सिद्धान्त है- जो वस्तु जिस उद्देश्य के लिए है उसका वह उपयोग न करके अन्य उपयोग करने से उस वस्तु का ह्रास हो जाता है धन किस लिए था विनिमय के लिए, स्व पर को सुखी करने के लिए, आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लेकिन वह धन के माध्यम से अत्याचार करता है तो वह धन का दुरुपयोग ही उसके लिए अभिशप्त बन जाता है, वह दरिद्र बन जाता है। आज जो गरीब है ये सब अतीत के अमीर है लेकिन इन्होंने पूर्व भव में धन से दूसरों पर अत्याचार किया, धन से दूसरों को दबाया, व्यसनों में खर्च किया।

**इतिहास को सुरक्षित रखने के लिए ही तो साहित्य लिखा जाता है:** उन्होंने कहा कि इतिहास को जीवित रखने के लिए साहित्य लिखी जाती है कुछ इतिहास विख्यात होते हैं और कुछ इतिहास को कुख्यात। अंग्रेजों का इतिहास ऐसा क्या हुआ कि हर व्यक्ति को इसलिए याद रखना है कैसे अंग्रेजों ने मायाचारी के ढंग से भारत में प्रवेश किया था, कहीं पुनः प्रवेश न कर जाए सारे विश्व के लोग मानते है कि जैनधर्म की आचार विचार संहिता पवित्र है, जिसकी आचार संहिता पवित्र होती है उसे सबसे ज्यादा सावधानी की जरूरत होती है, इसलिए जहां जिस क्षेत्र में कमी देख पड़ी, उस क्षेत्र में चल पड़ो क्योंकि हर क्षेत्र अच्छे आदमी को संभालना है।

# तीर्थंकर नेमिनाथ का निर्माण महोत्सव पूर्वक मनाया



**लाडनूं. शाबाश इंडिया**

स्थानीय दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में नगर के सभी मंदिरों में जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ का निर्माण उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जैन समाज के उप मंत्री अंकुश सेठी ने बताया कि इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रातः भगवान नेमिनाथ का जलाभिषेक, देव, शास्त्र, गुरु आदि की पूजा अर्चना की। तदोपरांत निर्वाण कांड पाठ के साथ जैन समाज के श्रावक- श्राविकाओं द्वारा उनके सामान गुना की प्राप्ति के लिए भगवान नेमिनाथ को निर्माण लाडू समर्पित किया गया। मंत्री विकास पांड्या ने बताया कि सुखदेव आश्रम, चंद्र सागर स्मारक, बागड़ा मंदिर, नसियां आदि में समाज के लोगों ने भक्ति भाव पूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर नरेंद्र कासलीवाल, प्रकाश पांड्या, रजनीश मच्छी, विशाल सेठी, शरद जैन सुधांशु, राजेंद्र जैन, पत्रकार राहुल जैन, अंकुर दीपक चूड़ीवाल, अनिरुद्ध जैन, विजय जैन आदि ने श्रीजी का जलाभिषेक एवं शांतिधारा कर पुण्यार्जन किया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग, श्रावक- श्राविकाओं ने उपस्थित होकर अनुष्ठान की अनुमोदना की।

# किरडोली गौशाला में गौ सेवा कार्य एवं वृक्षारोपण अभियान



**सीकर. शाबाश इंडिया**

सालासर रोड स्थित पीर बाबा रामदेव गौशाला किरडोली में शनिवार को गौ माता को हरा चारा गुड़ एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया गोपीनाथ गौ सेवा की समिति की संरक्षक गो सेविका ज्योति तनवानी ने बताया की हर घर ताली कीर्तन टीम श्री श्याम सेवा परिवार एवं गोपीनाथ गौ सेवा के समिति के सदस्यों द्वारा गौ माता को हरा चारा गुड़ खिलाया गया वृक्षारोपण की मुहिम के तहत असंख्य पेड़ आज गौशाला में लगाए गए समिति के अध्यक्ष शैलेष जैन ने बताया कि वृक्षारोपण हर व्यक्ति का दायित्व है कृपया अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें जिससे पर्यावरण संरक्षण में सहायता मिल सके इस अवसर पर अजीत जैन, गौ सेवक ईश्वर सिंह नाथावतपुरा ,देव तनवानी, महेंद्र सोनी ,जय कुमार छाबड़ा,आलोक काला,प्रियंक जैन, सोहन गढ़वाल, श्रवण जांगिड़ ,प्रदीप कोक फौजी, जगदीश गढ़वाल, महादेव चिल्का, नंदकिशोर, बलराज कोक ,सुमित सैनी इत्यादि गौशाला प्रबंधन समिति और गोपीनाथ गौ सेवा समिति और हर घर ताली कीर्तन टीम श्री श्याम सेवा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# तांबे (कॉपर) के बर्तन में रात भर पानी रखो फिर उसे रोज सुबह उठते ही पीया करो...

यह नसीहत देने वाले बहुत मिल जाएंगे। मगर...
टर्म्स एंड कंडीशंस अप्लाई कौन बताएगा?
चलो हम बता देते हैं।
रात भर तांबे (कॉपर) के संपर्क में रहने से तांबे का कुछ अंश पानी में चला जाता है जो एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए और भी फायदेमंद होता है। मगर यही पानी अगर एक मधुमेह वाला पी ले तो उसके लिए यह नुकसानदेह होता है।

**कैसे?**

उस पानी में मौजूद कॉपर कोशिकाओं के अंदर पहुंचकर नई ब्लड वेसल्स बनने की प्रक्रिया जिसे 'एंजियोजेनेसिस' कहते हैं उसे रोक देता है। इसके अलावा ब्लड वेसेल्स की फ्लेक्सिबिलिटी को खत्म कर देता है, उनको लीकी बना देता है और उनके अंदर प्लेक जमने की प्रवृत्ति बढ़ा देता है। बोले तो चौतरफा वार...
इन सबका परिणाम क्या हो सकता है?
मधुमेह वाला व्यक्ति को हार्ट अटैक आ सकता है। उसे पैरालिसिस हो सकता है जिसके कारण उसे अपना कोई हाथ या पैर खोना पड़ सकता है या फिर उसे घाव ना भरने की समस्या आ सकती है। वैसे तो एंजियोजेनेसिस के लिए कॉपर आवश्यक है मगर कॉपर की अधिकता में यह प्रोसेस रुक जाती है।
एक होता है ATP7A... ये कुली का काम करता है। कोशिका के अंदर कॉपर कम है तो बाहर से कॉपर अंदर ले आएगा और अगर किसी भी वजह से कोशिका के अंदर कॉपर ज्यादा हो गया तो बाहर छोड़ आएगा।
मगर डाईबेटिक लोगों में ये ATP7A नामक कुली कम होता है। इसकी कमी के कारण कोशिका के अंदर कॉपर इकट्ठा होने पर यह बाहर नहीं ले जाया जा सकता और इसके कारण एंजियोजेनेसिस की प्रोसेस रुक जाती है।
इसलिए बेहतर होगा कि मधुमेह वाले लोग जिनके अंदर ये ATP7A नामक कुली का पहले से ही अभाव है, कॉपर का बहुत ज्यादा इस्तेमाल ना ही करें। वरना अधिक कॉपर को बाहर तक छोड़कर कौन आएगा?
वैसे कॉपर कम होने पर भी आयरन का अपटेक कम होता है और एनीमिया हो जाता है और इसके अलावा कई सारे लक्षण दिखाई देते हैं जिनमें बालों का सफेद होना भी शामिल है। इसलिए कॉपर का बैलेंस बहुत जरूरी है और थोड़ा सोच समझकर ही कॉपर का इंटेक बढ़ाना चाहिए। ये नहीं कि किसी ने कह दिया और आप लग गए पानी पीने तांबे के बर्तन में रख रखकर।

**डा पीयूष त्रिवेदी**
**आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी राजस्थान विधान सभा जयपुर।**



(14-7-2024)

# दविश बडजात्या

## को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

**शुभेच्छु**
(चंचल देवी) ( नवीन विनीता)( कमल मधु )(राकेश सरोज ) (मनीष नीरज)
( नवीन मीनाक्षी) (राहुल मोनिका) ( रोहित कीर्ति) वैभव, अर्चित, विविधा, कीर्तिका नेहल,
आदित्य, हार्दिक, गहना, इशिता, दविश, मानवी, अनिका ,दक्ष ,दीक्षा
एवं समस्त बडजात्या परिवार नसीराबाद (जतन जी पंसारी) (जैन टिफिन सेंन्टर)
(राहुल जैन 9413135797) (ब्यूरो चीफ अहिंसा क्रांति समाचार पत्र , अनोखी पत्रिका,
शाबाश इंडिया रोहित जैन, (8575455555)













# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के द्वारा सेवा पखवाड़े का भव्य शुभारंभ

## सन्मति ग्रुप द्वारा वाटर कूलर विथ आरो का भेट किया, उपस्थित सभी को पेड़ वितरित किए

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा बालिका विद्यालय में वाटर कूलर भेट किया तथा इस अवसर पर उपस्थित सभी को उपहार स्वरूप एक एक पौधा भेट किया गया। मानव सेवा को समर्पित दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के सेवा पखवाड़े का शुभारंभ 125 वर्ष पुरानी जैन स्कूल श्री दिगंबर जैन महावीर बालिका विद्यालय, चुरुको की रास्ता , एस बी आई बैंक की गली चौड़ा रास्ता में एक वाटर कूलर विथ आरो श्रेष्ठी श्रीमती गुणमाला देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री धूप चंद जी सोगानी , मुकेश - संगीता सोगानी, सुनील - लता सोगानी, अनिल - मोनिका सोगानी के आर्थिक सहयोग से तथा जैन सिटीजन फाउंडेशन की प्रेरणा से लगा कर किया ।मनीष - शोभना लोंग्या, अध्यक्ष तथा राजेश - रानी पाटनी, सचिव ने बताया कि वाटर कूलर का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि रोटेरियन सुधीर जैन गोधा संस्थापक अध्यक्ष जैन सिटीजन फाउंडेशन, अध्यक्षता प्रमुख समाज सेवी प्रमोद पहाड़िया अध्यक्ष जैन सिटीजन फाउंडेशन, दीप प्रज्ज्वलन कर्ता शैलेंद्र गोधा, सम्पादक दैनिक समाचार जगत, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र गोदिका ₹रिटायर्ड आईजी₹, राजेश बड़जात्या अध्यक्ष, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन,जयपुर तथा प्राचार्य श्रीमती रिचा जैन के कर कमलों से किया गया। संस्थापक अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका, कार्यक्रम मुख्य समन्वयक दर्शन - विनीता बाकलीवाल ने बताया कि इस अवसर पर जैन सिटीजन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद पहाड़िया ने संस्था को एक लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की तथा ग्रुप सदस्य फूलचंद - श्रीमती मंजू पांड्या द्वारा भी विद्यार्थियों की सहायतार्थ 5000/ की सहयोग राशि भी प्रदान की गई।रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने रीजन पखवाड़े का शुभारंभ सभी उपस्थित बच्चों व अतिथियों को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत उपहार स्वरूप पौधा भेट कर किया। इस अवसर पर ग्रुप उपाध्यक्ष चक्रेश जैन ,अध्यक्ष मनीष लोग्या, सचिव राजेश पाटनी, सदस्य सुधीर गोधा,संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदिका भी उपस्थित थे।

